भूगोल विभाग

विभागीय आख्या

सत्र 2024-25

सत्र 2024-25 हेतु दिनांक 26 अक्टूबर 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेरीनाग के भूगोल विभाग द्वारा विभागीय परिषद का गठन किया गया। जिसमें भूगोल विभाग के समस्त छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसके जिसमें सर्वसम्मति से निम्नलिखित छात्र-छात्राओं को भूगोल परिषद हेतु चुना गया-

पद	**छात्र /छात्रा का नाम**	**कक्षा**
अध्यक्ष	कार्तिक नेवलिया	बीए पंचम सेमेस्टर
उपाध्यक्ष	कविता कार्की	बीए पंचम सेमेस्टर
सचिव	अनुष्का	बीए तृतीय सेमेस्टर
उपसचिव	अंजू बिष्ट	बीए प्रथम सेमेस्टर
कोषाध्यक्ष	भगवान कुमार	बीए प्रथम सेमेस्टर।

दिनांक 26 अक्टूबर 2024 को भूगोल विभाग द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें समसामयिक घटनाओं, भारत के भूगोल, उत्तराखंड व अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। उक्त कार्यक्रम में विभाग के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा सम्मिलित रहे। क्विज प्रतियोगिता का परिवार परिणाम निम्नवत रहा –

स्थान	**छात्र /छात्रा का नाम**	**कक्षा**
प्रथम	बबली कंडपाल	बीए पंचम सेमेस्टर
द्वितीय	नीरज सिंह मेहरा	बीए प्रथम सेमेस्टर
तृतीय	कार्तिक नेवलिया	बीए पंचम सेमेस्टर

दिनांक 22 अप्रैल 2025 को भूगोल विभाग द्वारा **पृथ्वी दिवस** के अवसर पर **‘our power our planet’** थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भूगोल विषय के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण, संसाधन संरक्षण, वृक्षारोपण, प्रदूषण, नवीकरणीय ऊर्जा आदि पर पोस्टर बनाए गए। कार्यक्रम में डॉ जे एन पंत, डॉ दीप्ति मिश्रा व डॉ अमन वर्मा निर्णायक मंडल में रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा दृश्य प्रभाव, रचनात्मक, विषय समझ व प्रस्तुतीकरण आदि बिंदुओं के आधार पर निम्न छात्र-छात्राओं का चयन किया।

स्थान	**छात्र /छात्रा का नाम**	**कक्षा**
प्रथम	पूर्णिमा उपाध्याय	बीए चतुर्थ सेमेस्टर
द्वितीय	कार्तिक नेवलिया	बीए षष्ठम सेमेस्टर
तृतीय	कविता कार्की	बीए षष्ठम सेमेस्टर

दिनांक 5 जून 2025 को **विश्व पर्यावरण दिवस** के उपलक्ष में प्राचार्य प्रोफेसर बी एम पांडेय के निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भूगोल विभाग के छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती जानकी देवी व श्रीमती बबीता देवी द्वारा महाविद्यालय को जामुन के पौधे दिए गए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक श्रीमती विनीता टम्टा, डॉ मीनाक्षी गोस्वामी, डॉ लीलाधर मिश्रा, डॉ बिना लोहिया, सुश्री रेनू टम्टा के साथ श्रीमती तनुजा टम्टा आदि सम्मिलित रहे।